MASS COMMUNICATION MODEL OF GATE KEEPING

गेट कीपिंग जनसंचार प्रतिरूप

Presented by

Dr. Archana Bharti

Guest Faculty, MJMC

Sem-1, Paper- 101

Date- 10/07/2021

Gate Keeping

- गेट कीपिंग मॉडल को समझने से पहले **‘गेट कीपिंग‘** क्या है इससे जानना आवश्यक है।
- गेट कीपिंग वह प्रक्रिया है जिसमें संदेशों/सूचनाओं का चयन कर स्वीकृत और अस्वीकृत किया जाता है।
- गेट कीपिंग की अवधारणा को सबसे पहले सन् **1947** में जर्मन सामाजिक मनोवैज्ञानिक **‘कुर्त लेविन‘** (Kurt Lewin) ने प्रतिपादित किया।

Gate Keeping

- According to Pamela Shoemaker and Tim Vos, ''gatekeeping is the process of culling and crafting countless bits of informaton into the limited number of messages that reach people every day.''
- मीडिया संरचना में गेटकीपिंग सभी स्तरों पर होता है। चाहे वह रिपोर्टर के स्तर पर हो या संपादक के स्तर पर। ये कई तरह के कार्य करते हैं। इनकी अलग–अलग भूमिकाएं होती है। गेटकीपिंग के लिए आवश्यक है कि गेट कीपर में वस्तुनिष्ठता हो, उसका स्वहित नहीं होना चाहिए।

Gate Keeping

- 'गेट कीपिंग' की प्रक्रिया को हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं—कोई पत्रकार अगर किसी शहर की रिपोर्टिंग करता है जहां दिन भर में कई घटनाएं या कई आयोजन होते हैं, परन्तु वह सभी की रिपोर्ट नहीं करता है। वह उसमें से समाचार के मूल्य के अनुसार कुछ खबर को चयन करता है और कुछ को अस्वीकार कर देता है। चयनित रिपोर्ट्स को वह उपसम्पादक को सौंपता है। उपसम्पादक भी समाचार के मूल्य को ध्यान में रखकर खबर का चयन करता है.........

Gate Keeping

- उपसम्पादक द्वारा चयनित रिपोर्टस को वरिष्ठ उपसम्पादक स्वीकृत नहीं करता बल्कि उसमें से भी वह कुछ का ही चयन करता है और कुछ को अस्वीकार कर देता है। फिर इसमें से कुछ चयनित रिपोर्टस को समाचार सम्पादक देखता है, जहां कोई जरूरी नहीं है कि वे उस रिपोर्टस को प्रकाशित करने की अनुमति दे दें। इस प्रकार चयन और अस्वीकार होते हुए कुछ रिपोर्टस बचते हैं जिसे प्रकाशित किया जाता है।

Gate Keeping Model

- गेट कीपिंग मॉडल को वर्ष **1950** में 'डी.एम. व्हाइट' (David Manning White) नामक मनावैज्ञानिक ने प्रस्तुत किया। ये बोस्टन विश्वविद्यालय में पत्रकारिता के प्रोफेसर थे।
- इन्होंने *''The Gate Keeper : A Case study in the Selection on News''* शीर्षक से अपने आलेख को प्रकाशित कर इस प्रारूप को सैद्धांतिक रूप में व्यक्त किया। व्हाइट ने गेटकीपिंग प्रक्रिया का सरल प्रारूप प्रस्तुत किया।

D.M. White Gate Keeping Model



N = Source of news item
N1,2,3,4 = News items
N2 1, N3 1 = Selected items
M = Audience
N1, N4 = Discarded items